संपादकीय

टीबी के शिकार होते लोग

टीबी के मामले तेजी से बढ़े हैं। चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं।

परिस्थितियां अनुकूल हैं, लेकिन नतीजा उलटा हो रहा है। यह कहानी कभी घातक बीमारी रह चुके ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की- ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024- के मुताबिक 2023 में 82 लाख लोग टीबी से संक्रमित हुए, जो 1995 में निगरानी शुरू होने के बाद की सबसे बड़ी संख्या है। यह आंकड़ा 2022 में सामने आए 75 लाख नए मामलों से काफी अधिक है। इनके अलावा बड़ी संख्या की ऐसे लोगों के मौजूद होने का अनुमान है, जिनमें इस रोग का निदान नहीं हो पाया। अब डब्लूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम गेब्रियासुस की इस टिप्पणी पर गौर कीजिए- चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं।

डब्लूएचओ ने अपनी रिपोर्ट जिक्र किया है कि दवा-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर/आरआर-टीबी) के मामलों में भी सुधार हुआ है। टीबी के सामान्य मामलों में इलाज की सफलता दर 88 फीसदी है, जबकि एमडीआर/आरआर-टीबी के मामलों में यह 68 फीसदी तक पहुंच गई है। फिर भी टीबी के मामले बढ़ रहे हैं। टीबी की वापसी से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में भारत प्रमुख है। भारत सहित मध्यम आय वाले ज्यादातर देशों में यह स्थिति स्वास्थ्य के निरोधक (प्रीवेंटिव) पहलू पर जोर घटने के कारण पैदा हुई है। हर सेवा के निजीकरण के दौर में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता नहीं रह गया है।

डब्लूएचओ के मुताबिक लगभग 50 फीसदी मरीजों को इलाज के दौरान विनाशकारी खर्च का सामना करना पड़ता है। इसका अर्थ है कि उनका इलाज खर्च उनकी आय का 20 फीसदी से ज्यादा होता है। स्वाभाविक है कि रिपोर्ट में टीबी संबंधी सेवाओं के लिए फंडिंग की कमी का खास उल्लेख किया गया है। 2023 में संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक में कहा गया था कि 2027 तक टीबी सेवाओं के लिए हर साल 22 बिलियन डॉलर जुटाए जाने चाहिए। 2023 में केवल 5.7 बिलियन डॉलर की फंडिंग उपलब्ध थी- यानी कुल जरूरत का सिर्फ 26 फीसदी। ऐसे में टीबी की वापसी कोई हैरत की बात नहीं है।

42 दिन के फेस्टिव सीजन में बिकीं 42,88,248 गाड़ियां, इसमें हैं 33,11,325 टू-व्हीलर्स, गावों से आई मजबूत डिमांड

नई दिल्ली

देश में इस साल 42 दिन की त्योहारी अवधि में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढक़र 42,88,248 यूनिट हो गई। डीलरों के संगठन फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गत वर्ष इस त्योहारी अवधि में 38,37,040 वाहनों का पंजीकरण हुआ था। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने कहा, ''नवरात्रि की शुरुआत से ही हमने उल्लेखनीय वृद्धि देखी जो हमारे पूर्वानुमानित लक्ष्य के करीब पहुंच गई है। इस अवधि में 42.88 लाख वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो पिछले वर्ष के 38.37 लाख वाहनों की तुलना में 11.76 प्रतिशत अधिक है।''

6,03,009 पैसेंजर व्हीकल बिके

इस वर्ष त्योहारी अवधि में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री सात प्रतिशत बढक़र 6,03,009 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 5,63,059 इकाई था। विग्नेश्वर ने कहा कि मांग में वृद्धि तथा बाजार में उपलब्ध अभूतपूर्व छूट से यात्री वाहनों की बिक्री में सुस्ती के बाद तेजी लौटी है। इस वर्ष 42 दिन की अवधि में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत बढक़र 33,11,325 इकाई हो गया। विग्नेश्वर ने बताया कि दोपहिया वाहनों की बिक्री में मुख्य रूप से मजबूत ग्रामीण मांग का योगदान रहा। इस दौरान वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढक़र 1,28,738 इकाई हो गई। दूसरी ओर, तिपहिया वाहनों की बिक्री सात प्रतिशत बढक़र 1,59,960 इकाई हो गई। हालांकि, ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 85,216 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 86,640 इकाई थी। फाडा ने कहा कि ये आंकड़े देशभर के 1,430 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) में से 1,368 से एकत्र किए गए हैं।

अक्टूबर में ऑटो सेल

सिर्फ अक्टूबर की बात करें तो यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर मामूली बढ़त के साथ 3,93,238 यूनिट हो गयी। उद्योग संगठन सियाम ने बुधवार को यह जानकारी दी थी। अक्टूबर 2023 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,89,714 यूनिट थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा, पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढक़र 21,64,276 यूनिट हो गई। जबकि अक्टूबर 2023 में यह 18,95,799 यूनिट थी। स्कूटर की बिक्री अक्टूबर में 22 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7,21,200 यूनिट रही।

चावल निर्यात को मंजूरी मिलने से एग्री एक्सपोर्ट बढ़ने की उम्मीद

जयपुर

बीते माह चावल निर्यात को मंजूरी मिलने से एग्री एक्सपोर्ट बढऩे की संभावना प्रबल हो गई है। इस साल सरकार को एग्री एक्सपोर्ट 5000 करोड़ डालर तक पहुंचने की उम्मीद है। नॉन बासमती चावल के एक्सपोर्ट को मंजूरी के कारण ही एग्री एक्सपोर्ट को समर्थन मिल सकता है। स्थानीय सूरजपोल मंडी स्थित प्रमुख फर्म जगदीश नारायण रतनलाल सिंघल एंड संस के मजोज सिंघल ने कहा कि बीते माह अक्टूबर में नॉन-बासमती चावल के निर्यात को मंजूरी मिली है। अक्टूबर में सेला तथा ब्राउन राइस की ड्यूटी खत्म हुई है। चावल निर्यात के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2023-24 में 1.4-1.5 करोड़ टन चावल का एक्सपोर्ट हुआ था, जबकि वर्ष 2024-25 में 1.7-1.8 करोड़ टन चावल के निर्यात का अनुमान है। ज्ञात हो कि बासमती चावल का 55 लाख टन एक्सपोर्ट होने का अनुमान है। जबकि सेला चावल का 70 से 80 लाख टन एक्सपोर्ट होने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर नॉन बासमती चावल का निर्यात 40 फीसदी तक घटने की आशंका है। गौरतलब है कि हाल ही में सरकार ने गैर बासमती सफेद चावल के एक्सपोर्ट पर लगा प्रतिबंध हटाकर एक्सपोर्ट के लिए न्यूनतम एक्सपोर्ट प्राइस (एमईपी) लागू कर दी थी। डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) के नोटिफिकेशन में कहा गया है कि गैर बासमती सफेद चावल के एक्सपोर्ट के लिए न्यूनतम एक्सपोर्ट प्राइस की जरूरत को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। सिंघल ने कहा कि एक्सपोर्ट हटने से किसानों एवं व्यापारियों को फायदा होगा। निर्यात को मंजूरी मिलने के सरकार के इस फैसले के बाद चावल पर 10 से 15 फीसदी दाम अधिक मिल रहे हैं।

मेगा ऑक्शन में 3 दिग्गज न्यूजीलैंड प्लेयर्स का अनसोल्ड होना तय

नईदिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 मेगा ऑक्शन को अब लगभग एक हफ्ते का वक्त बचा है. इस बार नीलामी में 39 न्यूजीलैंड के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें कई बड़े नाम शामिल हैं. मेगा ऑक्शन में 1574 खिलाड़ी हैं, जिसमें से मैक्सिमम 204 खिलाड़ी ही बिक सकते हैं. इसलिए इस बार कई बड़े प्लेयर भी अनसोल्ड रहने वाले हैं. तो आइए इस आर्टिकल में आपको ऐसे 3 कीवी प्लेयर्स के बारे में बताते हैं, जिनका कद तो काफी बड़ा है, लेकिन उन्हें मेगा ऑक्शन में खरीददार मिलने की उम्मीद काफी कम है.

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन एक अनुभवी खिलाड़ी हैं. वह लंबे वक्त से आईपीएल खेल रहे हैं, मगर पिछले सीजन इंजर्ड होने के चलते वह कुछ खास नहीं कर सके थे. नतीजन, गुजरात टायटंस ने उन्हें रिलीज कर दिया. अब केन 2 करोड़ की बेस प्राइज के साथ आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में उतर रहे हैं.

1 जनवरी, 2025 से महंगी हो जाएंगी मर्सिडीज की गाड़ियां

नई दिल्ली

जर्मनी की लग्जरी कार मेकर मर्सिडीज-बेंज ने शुक्रवार को कहा कि वे 1 जनवरी, 2025 से अपनी गाडिय़ों की कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी ने बताया कि 1 जनवरी से उनकी कारें 3 प्रतिशत महंगी हो जाएंगी। कंपनी ने गाडिय़ों की कीमत बढ़ाने के पीछे की प्रमुख वजहों के बारे में भी बताया है। मर्सिडीज का कहना है कि लागत में बढ़ोतरी, महंगाई के दबाव और उच्च परिचालन खर्च के कारण उसे ये कदम उठाना पड़ रहा है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अपने बयान में कहा कि भारत में मर्सिडीज-बेंज की लग्जरी कार की कीमतों में 2 लाख रुपये से 9 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। बिजनेस की स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने जा रही है कंपनी

1 जनवरी, 2025 से मर्सिडीज जीएलसी क्लास की कीमत दो लाख रुपये और मर्सिडीज मायबाक एस 680 लग्जरी लिमोसिन की कीमत 9 लाख रुपये तक बढ़ जाएगी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष अय्यर ने कहा, ''पिछली तीन तिमाहियों से, हम अपनी लागत संरचना पर बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। ऐसा मुख्य रूप से कच्चे माल की बढ़ती लागत, कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव, लॉजिस्टिक खर्चों में बढ़ोतरी और महंगाई की वजह से हो रहा है।'' उन्होंने आगे कहा कि बिजनेस की स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिए हमने कीमतों में मामूली बढ़ोतरी का फैसला किया है।

अक्टूबर 2024 में मर्सिडीज बेंज की बिक्री में दिखा था शानदार उछाल- बताते चलें कि अक्टूबर 2024 में मर्सिडीज बेंज की बिक्री में शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली थी। त्योहारी सीजन के चलते कंपनी ने अक्टूबर में कुल 1792 गाडिय़ां बेची थीं। जबकि पिछले साल के अक्टूबर महीने में मर्सिडीज बेंज ने 1374 गाडिय़ां ही बेची थीं। मर्सिडीज बेंज ने इस साल सितंबर में कुल 1308 गाडिय़ां की बिक्री की थी। वहीं दूसरी ओर, भारत में मर्सिडीज बेंज की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कंपनी बीएमडब्ल्यू ने अक्टूबर 2024 में कुल 1475 गाडिय़ों की बिक्री की थी। पिछले साल अक्टूबर में बीएमडब्ल्यू ने कुल 1165 गाडिय़ां बेची थीं।

रणजी ट्रॉफी : अंशुल कंबोज का ऐतिहासिक प्रदर्शन, एक पारी में झटके सभी 10 विकेट

रोहतक

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी की एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले कुल छठे भारतीय गेंदबाज भी हैं।

कंबोज ने लाहली के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच के तीसरे दिन 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट चटकाकर यह अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने अपने 19वें प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच में 50 विकेट भी पूरे किए।

कंबोज रणजी ट्रॉफी मैच में सभी दस विकेट लेने वाले गेंदबाजों की उस लिस्ट में शामिल हो गए हैं जिसमें प्रेमांसु चटर्जी भी शामिल हैं, जिन्होंने 1956 में बंगाल-असम मैच में 20 रन देकर 10 विकेट लिए थे और प्रदीप सुंदरम ने 1985 में राजस्थान-विदर्भ मैच में 78 रन देकर 10 विकेट लिए थे।

दूसरे दिन आठ विकेट लेने के बाद कंबोज ने तीसरे दिन का खेल शुरू किया और बेसिल थंपी और शॉन रोजर को जल्दी आउट करके शानदार दस विकेट पूरे किए।

सितंबर में, आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में दलीप ट्रॉफी खेलों के दौरान, कंबोज ने 8-69 विकेट लिए थे और देबाशीष मोहंती (10/46) और अशोक डिंडा (8/123) के बाद टूर्नामेंट में आठ विकेट लेने वाले तीसरे तेज गेंदबाज बन गए थे।

करनाल के रहने वाले कंबोज पिछले सीजन में 10 मैचों में 17 विकेट लेकर चर्चा में आए थे और हरियाणा को विजय हजारे ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

इसके बाद उन्होंने आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए तीन मैच खेले और दो विकेट लिए। कंबोज ने पिछले महीने ओमान में इमर्जिंग मेन्स एशिया कप में इंडिया ए के लिए खेला और तीन मैचों में चार विकेट लिए।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में, केवल जिम लेकर, अनिल कुंबले और एजाज पटेल ने ही टेस्ट मैच की एक पारी में सभी दस विकेट लिए हैं।

वार्नर ने खराब वनडे अभियान के बाद फ्रेजर-मैकगर्क को चेतावनी दी

नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद जेक फ्रेजर-मैकगर्क को चेतावनी दी है कि उन्हें परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

फ्रेजर-मैकगर्क, जिन्हें ओपनिंग रोल के लिए मैट शॉर्ट के साथ जोड़ा गया था, ने 12.00 की औसत से केवल 36 रन बनाए, जिसके कारण उनकी काफी आलोचना हुई। 22 वर्षीय खिलाड़ी को संभावित रूप से वार्नर के व्हाइट-बॉल उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था और उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपना मामला आगे बढ़ाने का मौका दिया गया था।

ट्रेविस हेड और मिशेल मार्श के वनडे की शुरुआती एकादश में वापसी की उम्मीद के साथ, फ्रेजर-मैकगर्क के भविष्य के चयन को हाल के प्रदर्शनों के बाद एक गंभीर बाधा का सामना करना पड़ेगा।

वार्नर ने कहा कि फ्रेजर-मैकगर्क को स्कोरबोर्ड पर रन बनाने के लिए अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करना होगा, अन्यथा उन्हें टीम से बाहर होना पड़ेगा। वार्नर ने गुरुवार को फॉक्स क्रिकेट पर कहा, हम इस बारे में बात कर रहे थे कि क्या उनका गेम प्लान बदलेगा। खैर, ऐसा नहीं होगा। वह जिस तरह से खेल को अपनाता है, उससे खुश है, (लेकिन) वह कुछ और रन बनाना चाहता है।

उन्होंने कहा, अगर आप रन नहीं बना रहे हैं, तो इसका समाधान यह है कि आपको बाहर कर दिया जाएगा। उन्हें लगता है कि यह तरीका उनके लिए कारगर साबित होगा, लेकिन कभी-कभी आपको इसमें थोड़ा बदलाव करना पड़ सकता है, अगर आप रन नहीं बना रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने युवा खिलाड़ी से आग्रह किया कि वह अपनी आक्रामक क्षमता दिखाने से पहले नई गेंद के साथ सतर्क दृष्टिकोण अपनाए।

आज का राशिफल

मेष: आज आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार केसाथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का प्लान बनायेंगे। ऑफिस में किसी कामको लेकर आपकी तारीफ़ होगी।

वृष: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपके काम आपके मन- मुताबिक पूरे होंगे। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको ही फायदा होगा। किसी भी काम को करने में पूरा मन लगेगा।

मिथुन: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स कोकड़ी मेहनत करने की जरुरत है। किसी भी काम को शुरू करने से पहले जीवनसाथी से राय-मशविरा कर लेना अच्छा रहेगा। आज आपको धैर्य और संयमके साथ अपने कार्यों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए।

कर्क: आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा मिलने वाला है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे,तो वह जरुर पूरा हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर करने का मन बनायेंगे।

सिंह: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिये आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा।

कन्या: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको ऑफिस के अधिकारियों के साथ ताल-मेल बनाकर कार्य करने की जरुरत है। आज आपको धन लाभ के नए सोर्स नजर आयेंगे। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ेगी।

तुला: आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में बड़े अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। आमदनी में इज़ाफ़ा होने के आसार नजऱ आ रहे हैं। पूरे दिन खुद को तरोताज़ा महसूस करेंगे।

वृश्चिक: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी करने का मन बनायेंगे। किसी कोर्ट केस का फैसला आने में देर होगी। आप जो भी कार्य करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से वह तय वक्त में पूरा हो जायेगा।

धनु: आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। जरूरतमंद मित्रों की तरफ आप मदद का हाथ बढ़ायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मकर: आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ अच्छा वक्त बिताएंगे। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, उन्हें तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे। किसी जरुरतमंद की मदद करने से आपको आनंद की अनुभूति होगी।

कुंभ: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आपको खुशी मिलेगी। जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बढिय़ा रहेगा। करोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

मीन: आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।

प्राइम वीडियो पर 22 नवंबर को होगा वैक गर्ल्स वर्ल्ड वाइड प्रीमियर, हुआ ऐलान

भारत में दर्शकों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने आज अपनी ओरिजिनल ड्रामा सीरीज़ 'वैक गर्ल्स' के प्रीमियर की तारीख की घोषणा की है. पद्मश्री पुरस्कार विजेता सूनी तारापोरेवाला ने इस सीरीज़ का निर्माण एवं निर्देशन किया है जिसे सूनी, इयाना बातिवाला और रॉनी सेन ने साथ मिलकर लिखा है. इस सीरीज़ को मैटर एंटरटेनमेंट, चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट और जिगरी दोस्त प्रोडक्शंस के बैनर तले केलब फ्रैंकलिन, विकेश भूटानी और सूनी तारापोरवाला ने प्रोड्यूस किया है.

कॉमेडी, ड्रामा, डांस और म्यूजिक से भरपूर इस सीरीज़ में मेखोला बोस, अनसुआ चौधरी, रिताशा राठौर, क्रिसन परेरा, प्रियम साहा, रूबी साह, अचिंत्य बोस जैसे बेहद होनहार और उभरते कलाकारों के साथ-साथ बरुन चंदा, लिलेट दुबे और स्वर्गीय नितेश पांडे जैसे दिग्गज कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं. 9 एपिसोड वाली ये ड्रामा सीरीज़ भारत के साथ-साथ दुनिया भर के 240 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों में 22 नवंबर को सिर्फ प्राइम वीडियो पर हिंदी में प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसे तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी डब किया गया है.

चहल-पहल भरे कोलकाता की पृष्ठभूमि पर आधारित इस सीरीज में बेबाक अंदाज़ वाली 6 युवतियों की कहानी दिखाई गई है, जो ऐसे शहर और देश में अपना एक डांस ग्रुप बनाती हैं, जहां उनकी पसंद के इस डांस स्टाइल, यानी वैकिंग के बारे में लोग बहुत कम जानते हैं. ये लड़कियां साथ मिलकर वैक गर्ल्स नाम से एक डांस ग्रुप बनाती हैं और सुर्खियों में छा जाती हैं.

प्रतीक गांधी-दिव्येंदू की फिल्म अग्नि का धांसू टीजर आउट, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

प्रीतक गांधी और दिव्येंदु की फायर ब्रिगेड पर बनी फिल्म अग्नि का टीजर रिलीज हो गया है. इसमें फायर ब्रिगेड के संघर्षों, त्याग और बलिदान को दिखाया गया है. टीजर में देखा जा सकता है कि एक शहर आग की लपटों से घिरा हुआ है. जिसे वि_ल [प्रतीक गांधी] और समित [दिव्येंदु] एक तेजतर्रार पुलिसकर्मी के रोल में हैं और आग फैलने की वजह से फायर ब्रिगेड का हिस्सा बनते हैं. आग की लपटों के बीच वि_ल की इमोशनल यात्रा भी दिखाई जाती है जो उसकी आस-पास दुनिया और परिवार से सम्मान की लड़ाई है. साथ ही फायर ब्रिगेड की अडिग भावना जो दूसरों की रक्षा के लिए अपना सबकुछ जोखिम में डाल देते हैं. बता दें अग्नि देश की पहली फिल्म है जो फायर ब्रिगेड पर बनी है. अग्निशामकों पर भारत की पहली फिल्म होने के नाते, अग्नि अग्निशामकों की निडर भावना, सम्मान और बलिदान को एक सिनेमाई सलाम है.

क्या दूध पीने से कम हो जाती है एसिडिटी आइए जानें इस मिथक की सच्चाई

दूध को अक्सर एसिडिटी के इलाज के रूप में देखा जाता है। कई लोग मानते हैं कि दूध पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होती है।इसमें मौजूद कैल्शियम और प्रोटीन पेट को अस्थायी रूप से राहत देते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो दूध का तात्कालिक प्रभाव होता है, लेकिन लंबे समय तक इसका असर नहीं रहता।आइए इस मिथक को समझें और जानें कि क्या दूध वास्तव में एसिडिटी कम करने में मदद करता है।

क्या दूध से वाकई में होता है एसिडिटी का इलाज- दूध पीने पर तुरंत राहत मिलती है, क्योंकि यह पेट को ठंडक पहुंचाकरअस्थायी रूप से जलन को कम करता है। यह राहत केवल कुछ समय के लिए होती है, लेकिन बाद में समस्या बढ़ सकती है।दूध में कैल्शियम और प्रोटीन होते हैं, जो पेट में एसिड उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। इससे एसिडिटी की समस्या फिर से उत्पन्न हो सकती है।इसलिए, दूध पीना एसिडिटी का स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता।

जानिए एसिडिटी का सही समाधान- एसिडिटी का सही समाधान संतुलित डाइट और जीवनशैली हो सकते हैं। आपको मसालेदार और तली-भुनी चीजों से बचना चाहिए और कम भोजन करना चाहिए, ताकि पेट पर दबाव न पड़े।इसके अलावा, नियमित एक्सरसाइज और पानी पीना भी फायदेमंद होता है। खाने के बाद तुरंत लेटने से बचें और सोने से पहले हल्का भोजन करें।ताजे फल, सब्जियां और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ खाना भी लाभकारी हो सकता है। इससे एसिडिटी की समस्या को कम किया जा सकता है।

डॉक्टर की सलाह लें- अगर आपको बार-बार एसिडिटी की समस्या होती है तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी हो सकता है। वे आपकी स्थिति के अनुसार उचित उपचार बता सकते हैं, जो आपकी समस्या को कम कर सकता है।इस प्रकार, दूध पीकर एसिडिटी कम करने का मिथक पूरी तरह सही नहीं माना जा सकता। बेहतर होगा कि आप संतुलित डाइट अपनाएं और स्वस्थ जीवनशैली जीएं, ताकि आपको इस समस्या से निजात मिल सके।

दूध के सेवन के मुख्य लाभ- अगर आप अपने रोजाना के खान-पान में दूध शामिल करते हैं, तो आपको कैल्शियम मिल सकता है। इसके सेवन से हड्डियां मजबूत होती हैं, रक्तचाप सुधरता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।इसके अलावा, इससे पाचन स्वास्थ्य भी दुरुस्त हो जाता है और कब्ज जैसी समस्याओं से निजात मिल सकता है। अगर आप नियमित रूप से दूध पीते हैं, तो आपको आराम की अनुभूति भी हो सकती है।

शब्द सामर्थ्य- 237

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 236 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	शिम
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

सू-दोकू- 237

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.236 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7